an>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Maharashtra for construction of fishing port at Anandwadi village, Deogarh Tehsil, Sindhudurg district, Maharashtra.

**श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग)**ः सिंधुदुर्ग जिला (महाराष्ट्र) में तहसील देवगड़ के आनंदवाड़ी गॉव में मछुआरों के लिए बंदरगाह बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से वहाँ के मछुआरे करते आ रहे हैं। महाराष्ट्र शासन की तरफ से मछुआरों को यह सुविधा देने का प्रस्ताव तैयार किया गया। केन्द्र सरकार की योजना के तहत आनंदवाड़ी बंदरगाह प्रकल्प का निर्माण हो रहा है। इस हेतु 81.62 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केन्द्र शासन के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पास 30.02.2015 को भेजा गया, लेकिन उसे अभी तक मंजूरी नहीं मिल पाई। महाराष्ट्र राज्य के देवगड़ मालवन और रत्नागिरि समुद्री तटीय क्षेत्र के मछुआरों के लिए आनंदवाड़ी में बंदरगाह होना जरूरी है। केन्द्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से जल्दी से जल्दी उचित कार्यवाही की मांग करता हूँ।